पंजाब केसरी 09/04/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बूट मैप सत्र को संबोधित करतीं विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'कोड मेनिया ए.आई. हैकाथॉन एंड गेमिंग' पर बूट मैप सत्र आयोजित

अम्बाला, 8 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग में बुधवार को 'कोड मेनिया ए.आई. हैकाथॉन एंड गेमिंग' के संबंध में एक बूट मैप सत्र का आयोजन किया गया। फैकल्टी ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स की डीन डॉ. प्रबलीन कौर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक शिवानी सोनी की अहम भूमिका रही।

इस अवसर पर विशेषज्ञा तन्वी धमीजा ने विद्यार्थियों को हैकाथॉन, आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस और गेमिंग से जुड़े अवसरों के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हैकाथॉन में भाग लेने से विद्यार्थियों को नई टैक्नोलॉजी सीखने, नवाचार करने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। बिजनैस एनालिस्ट सोमनाथ धमीजा ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्री से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की तथा उन्हें आगामी हैकाथॉन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों को नई टैक्नोलॉजी के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में ए.आई., कोडिंग एवं गेमिंग के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। ऐसे बूट मैप सत्र विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं से अवगत कराते हैं, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान, रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता तथा टीमवर्क कौशल का समग्र विकास होता है। कॉलेज भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।